## फायर ब्रिगेड कर्मचारियों ने बड़ी मुश्किल से आग को फैलने से रोका

# दुकान में लगी आगः करोड़ों का माल जलकर राख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

शहर के व्यस्ततम व्यापारिक क्षेत्र बुधवारी बाजार में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब वहां स्थित प्रसिद्ध 'भारत रुई भंडार' में अचानक भीषण आग लग गई। रुई (कपास) की दुकान होने के कारण आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे आसपास के व्यापारियों और रहवासियों में अफरा-तफरी मच गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, आग इतनी तेजी से फैली कि किसी को संभलने का मौका नहीं मिला। चूंकि दुकान में भारी मात्रा में रुई, गद्दे और रजाई बनाने का सामान रखा था, इसलिए आग की लपटें काफी ऊंची उठने लगीं। धुएं का काला गुबार दूर से ही आसमान में देखा जा सकता था। संकरी गली और आसपास अन्य दुकानें होने के कारण आग के फैलने का डर बना रहा, जिससे पड़ोसी दुकानदारों ने भी आनन-फानन में अपना सामान हटाना शुरू कर दिया।

### कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू




दमकल के पहुंचने से पहले स्थानीय लोगों और दुकानदारों ने बाल्टियों और उपलब्ध संसाधनों से आग पर काबू पाने की कोशिश की। सूचना मिलते ही नगर निगम की दमकल गाड़ियां और पुलिस प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। फायर फाइटर्स ने कड़ी मशक्कत के बाद आग को आसपास की दुकानों में फैलने से रोका। पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए क्षेत्र की घेराबंदी की ताकि राहत कार्य में बाधा न आए। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, इस अग्निकांड में दुकानदार को लाखों रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। दुकान के अंदर रखा कच्चा माल और तैयार गद्दे जलकर राख हो गए हैं। फिलहाल आग लगने का सटीक कारण स्पष्ट नहीं है। आशंका जताई जा रही है कि यह हादसा शॉर्ट सर्किट की वजह से हुआ होगा। पुलिस और बिजली विभाग की टीम मौके पर मुआयना कर रही है ताकि आग लगने के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके।

### बाजार की सुरक्षा पर खड़े हुए सवाल

बाजार क्षेत्र में संकरी गलियों और दुकानों में फायर सेफ्टी उपकरणों की कमी अक्सर ऐसे हादसों को बढ़ा देती है। 'भारत रुई भंडार' में लगी इस आग ने बाजार की सुरक्षा व्यवस्था पर एक बार फिर सवालिया निशान लगा दिए हैं। गनीमत यह रही कि इस घटना में अब तक किसी जनहानि की खबर नहीं है। भारत रूई भंडार में लगी भीषण आग के कारण भारी आर्थिक नुकसान सामने आया है। गुरुवार-शुक्रवार की रात लगी आग के लपटें तीन मंजिल तक उठी। तत्काल में आसपास के मकान खाली कराए गए थे। आग पर सुबह 5 बजे काबू पा लिया गया । गनीमत रही कि किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

## नपा अध्यक्ष पर एक और मामला दर्ज

**परासिया** :- हाल ही में आईटी एक्ट के तहत दर्ज हुए मामले के बाद नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय के खिलाफ एक और मामला दर्ज किया गया है । इस बार चांदमेटा पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर विनोद मालवीय के खिलाफ एससी / एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है । नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है उनके खिलाफ एक के बाद एक मामले दर्ज किया जा रहे हैं । वहीं नगर पालिका अध्यक्ष पिछले एक सप्ताह से नगर पालिका में नजर नहीं आ रहे हैं । सूत्रों से पता चला कि वे मुसीबतों से बचने के लिए किसी नेता शरण में पहुंचे हैं । वहीं इधर विपक्ष लगातार उनके इस्तीफे की मांग उठा रहा है और शासन से उन्हें हटाने की भी मांग कर रहा है । भारतीय जनता पार्टी के द्वारा उन्हें पहले ही पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है । अब विपक्ष और उनके विरोधी अध्यक्ष को पद से हटाए जाने की रास्ता देख रहे हैं ।

## सौंसर में हुए अधिवक्ता संघ के चुनाव एड भकने बने अध्यक्ष



**सौंसर**। हाल ही में सौसर में अधिवक्ता संघ मे निर्वाचन सम्पन्न हुआ है। जिसमे अध्यक्ष के लिए एड दिनेश भकने,उपाध्यक्ष एड नरेन्द्र गजभियेसचिव एड अजय शेन्डे,ग्रथपाल प्रभारी एड,अशोक गांवडे,निर्वाचित हुए है ।मिली जानकारी के अनुसार एड श्रीमती कविता फरकारे कोषध्यक्ष पद हेतु एवंएड, श्रीमती दिपाली सिते सहसचिव चुनी गयी है। जिनका अधिवक्ता संघ के सदस्यो द्वारा स्वागत कर बधाई प्रेषित कि गयी,मुख्य चुनाव अधिकारी एस आर बोढे सहायक चुनाव अधिकारी एड मोरेश्वर श्रीबन्धु एड विलास निकोसे द्वारा चुनाव सम्पन किया गयाआभार प्रदर्शन एड,भूषण अढाऊ द्वारा किया गया, इस दौरान एड, रविशंकर धुर्वे एड सूर्यकांत ढोके, एड नूरशेख, एड,नरेश कडवे, एड संदीप भकने, एड गिरीश बोकडे, एडं सुरेन्द्र ढुफारे, एड,भागवत राऊत एड अनिल पराडकर आदि ने सभी विजयी पदाधिकारियों का स्वागत सत्कार किया।

## रेडियो दिवस पर विशेष : रेडियो की अनोखी दीवानगी की मिसाल बने उदयभान ठाकरे

# रेडियो के जुनून ने विदेशों में भी बनाई मित्रता, अब तक देश विदेश के 1500 मित्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



शौक और जुनून बड़ी चीज है. उदयभान ठाकरे की उम्र जब 8 साल थी उस दौरान जब वे स्कूल जाते तो रास्ते में गांव जमीदारों के घरों में रेडियो बजता था. तब स्कूल छोड़कर उदय भान रेडियो सुनने के लिए खड़े हो जाते थे. रेडियो सुनने का जुनून इस कदर था कि उन्होंने बाद में इसे अपना शौक बना लिया और फिर फरमाइशी गीतों के लिए लेटर लिखना शुरू कर दिया. आज देश और दुनिया में रेडियो के जरिए करीब डेढ़ हजार उनके मित्र हैं. कई देशों से ऑडियंस का सम्मान मिल चुका है।

### 60 साल की रेडियो से दोस्ती, विदेश से मिला सम्मान

उदयभान ठाकरे बताते हैं कि, "रेडियो से उनकी दोस्ती 60 साल पुरानी है. सबसे पहले उन्होंने जापानी रेडियो सुनना शुरू किया था. 'मेरा रेडियो जापान' हिंदी सुनने का अवसर तब प्राप्त हुआ जब डिजिटल ट्रांजिस्टर और ऐप नहीं हुआ करते थे. केवल बड़ा रेडियो और ट्रांजिस्टर हुआ करता था. तब एक दिन में अपने रेडियो के काटे को अपनी अंगुलियों से घुमा रहा था, तभी एक सुंदर और मीठी ध्वनि सुनाई दी, जो मुझे बहुत अच्छी लगी. संगीत जब समाप्त हुआ और आवाज आई ये **NHK** रेडियो जापान की हिंदी सेवा है.

### पत्रिका में छपी लिफाफे की फोटो

उदयभान ठाकरे ने आगे बताया, "इसी रेडियो के माध्यम से मेरे बहुत से रेडियो मित्र बने. जिसमें मुख्य चुन्नी लाल कैव्रत, रजनीश कुमार शर्मा, ओम प्रकाश वर्मा, बद्री प्रसाद वर्मा और अन्य शामिल हैं. मुझे प्रसन्नता तब हुई जब अंक 14 मार्च 2009 को **nhk** श्रोता पत्रिका में मेरे लिफाफे की फोटो छपी थी. अंक 11 सितम्बर 2008 मेरी एक छोटी सी कविता छपी थी. उसके बाद मुझे बहुत से ग्रीटिंग कार्ड, वेरिफेशन कार्ड, रुमाल स्टीकर इत्यादि रेडियो जापान से प्राप्त हुए थे.

### दिल्ली में मिला सम्मान

उन्होंने कहा, "23 दिसंबर 2012 को भारत और जापान के राजनयिक रिश्तों की स्थापना के 60वें वर्ष के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में दिल्ली के जापान फाउंडेशन सभागृह में श्रोता मित्र और जापान से आए मुनिश शर्मा जी और ताकाशी निमी जैसे उद्घोषक से मिलकर बहुत ही खुशी हुई. इसके बाद 'बूझो तो जाने' प्रतियोगिता में भाग लेकर मुझे 3 प्रमाण पत्र प्राप्त हुए. मैंने रेडियो जापान से प्राप्त हुए कैलेंडर, फोटो कार्ड, टेबल कैलेंडर वाइस रिकॉर्ड इत्यादि अभी तक संभाल कर रखा हुआ है."

### डेढ़ हजार से ज्यादा मित्र, हजारों फरमाइश हुई पूरी

उदयभान ठाकरे ने ईटीवी भारत को बताया कि, "रेडियो सुनने के शौक ने पूरे देश सहित विदेश में उनके करीब डेढ़ हजार रेडियो मित्र बना दिए हैं, जिनसे भी लगातार संपर्क में हैं. इतना ही नहीं देश के कई रेडियो चैनल सहित आकाशवाणी और विदेश के रेडियो में उनके हजारों गाने प्रसारित हो चुके हैं और कई पत्र शामिल किए जा चुके हैं."

### विदेश से आया था बुलावा, पासपोर्ट ने रोकी यात्रा

उदयभान ठाकरे ने बताया कि, "उन्हें देशभर में कई जगह रेडियो के कार्यक्रमों में बुलावा आता है, वे जाते भी हैं. एक बार उन्हें रशिया से बुलावा आया था लेकिन साल 2008 में उनकी आर्थिक स्थिति के साथ-साथ उनके पास पासपोर्ट नहीं था, इसके कारण वे रशिया नहीं जा पाए. लेकिन भारत में गुवाहाटी और दिल्ली में ज्यादातर रेडियो के कार्यक्रम होते हैं जहां पर श्रोता के रूप में पहुंचते हैं और वहां उन्हें सम्मान भी मिलता है."

### घर में ही बना लिया रेडियो का म्यूजियम

उदय भान ठाकरे की रेडियो के प्रति ऐसी दीवानगी है कि, उन्होंने नवीन रेडियो श्रोता परिवार का ही गठन कर लिया है. जिसके चलते हर दिन भी अलग-अलग रेडियो स्टेशनों में पत्र लिखते हैं. इसके साथ ही उनके पास एक छोटा सा म्यूजियम भी है जिसमें करीब 15 से 20 प्रकार के रेडियो और ट्रांजिस्टर है, जो उनके पिताजी के समय से हैं. हालांकि अभी रेडियो के साथ-साथ मोबाइल में भी आकाशवाणी और विविध भारती के कार्यक्रम सुनते हैं.

## एसीसी ने तकनीकी मार्गदर्शन और सेवाओं के माध्यम से छिंदवाड़ा के ठेकेदार के विकास की दिशा बदली

**छिंदवाड़ा**ः अदाणी पोर्टफोलियो का हिस्सा और भारत की सबसे तेजी से बढ़ने वाली बिल्डिंग मटेरियल्स एवं सॉल्यूशंस कंपनी एसीसी, मध्य प्रदेश में अपने ऑन-ग्राउंड ठेकेदार नेटवर्क को लगातार मजबूत कर रही है। कंपनी स्थानीय पेशेवरों को प्रशिक्षण, साइट स्तर पर सहयोग और मूल्यवर्धित सेवाएं प्रदान कर उन्हें सशक्त बना रही है। छिंदवाड़ा में ठेकेदार श्री तेजलाल सोनी की विकास यात्रा इस बात का उदाहरण है कि कैसे लक्षित तकनीकी सहयोग और भरोसे पर आधारित साझेदारी क्षेत्रीय निर्माण कार्यों में परिवर्तन ला रही है।श्री तेजलाल सोनी ने अपने करियर की शुरुआत एक मजदूर और मिस्त्री के रूप में छोटे-मोटे कामों से की थी, जहां उन्हें आधुनिक निर्माण पद्धतियों की जानकारी नहीं थी। उनकी प्रगति तब शुरू हुई जब उनकी मुलाकात एक निर्माण स्थल पर एसीसी के इंजीनियर से हुई। नियमित साइट विजिट, निर्माण बैठकों और फील्ड स्तर पर प्रशिक्षण के माध्यम से उन्हें श्रेष्ठ निर्माण तकनीकों की जानकारी मिली और बड़े प्रोजेक्ट लेने का आत्मविश्वास बढ़ा।जैसे-जैसे उनके प्रोजेक्ट का दायरा बढ़ता गया, श्री तेजलाल स्लैब सुपरविजन, स्टील प्लेसमेंट की सलाह और रिइनफोर्समेंट तकनीकों के लिए एसीसी इंजीनियरों से लगातार मार्गदर्शन लेते रहे। उन्होंने मिक्स क्वालिटी और समानता सुनिश्चित करने के लिए इंस्टेंट मिक्स प्रपोर्शन (आईएमपी) जैसे साइट-विशिष्ट समाधानों को अपनाया, जिससे संरचनाएं अधिक मजबूत बनीं और ग्राहकों की संतुष्टि बढ़ी। एसीसी के साथ उनका जुड़ाव उनके व्यवसाय की पहचान बन गया, जिससे गृहस्वामियों का भरोसा और उनकी विश्वसनीयता मजबूत हुई।आज श्री तेजलाल सोनी एसीटी (एसीसी सर्टिफाइड टेक्नोलॉजी) जैसी पहलों के सक्रिय सदस्य हैं। उनकी यात्रा यह दर्शाती है कि एसीसी छिंदवाड़ा जैसे जिलों में जमीनी स्तर पर काम करने वाले पेशेवरों को तकनीकी ज्ञान, विश्वसनीय सामग्री और एंड-टू-एंड निर्माण सहयोग प्रदान कर सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## समस्याओं को लेकर सरपंचों ने सौंपा ज्ञापन

**परासिया** : जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायतों के सरपंचों के प्रतिनिधि मंडल ने अपनी समस्याओं के संबंध में जनपद सीईओ वर्षा झारिया को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग की है । सरपंच संघ अध्यक्ष विपिन श्रीवास्तव एवं सचिव मोहन कहार ने बताया , कि संघ की 7 फरवरी को आयोजित बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार शुक्रवार को प्रतिनिधि मंडल ने जनपद सीईओ ने बिंदुवार चर्चा की और शीघ्र इनके निराकरण का भरोसा दिया है । समस्याओं का समाधान शीघ्र नहीं होने पर सरपंच आंदोलन करेंगे । प्रतिनिधि मंडल में सरपंच गण विपिन श्रीवास्तव भमोड़ी , मोहन कहार बरारिया , साधना दास इकललेहरा , भारती उइके अंबाड़ा , सुप्रिया पन्द्राम खिरसाडोह , रिंकू डेहरिया मायावाड़ी , जयवंति कुमरे भाजीपानी शामिल है । मांग पत्र में शामिल बिंदु :- ज्ञापन में बताया गया है , कि जनपद पंचायत परासिया के ग्रामीण यांत्रिकी सेवा मनरेगा के अधिकारियों की कार्यप्रणाली के कारण ग्राम विकास एंव निर्माण के कार्य प्रभावित हो रहे हैं । शासन की मंशानुसार योजनाओं का लाभ सार्वजनिक एंव हितग्राहियों को नही मिल पा रहा है । निर्माण कार्यो का इस्टीममेट , तकनीकी स्वीकृति टी.एस , मूल्यांकन , कार्यपूर्णता प्रमाण पत्र देने के लिए समय सीमा निर्धारित की जाए । नये तकनीकी अधिकारियों के पदस्थ होने पर उनके द्वारा मनमाना तरीका तथा अपने हिसाब से नियमों की व्याख्या कर इस्टीमेट तथा टीएस में परिवर्तन और कटौती की जा रही है , जिससे निर्माण कार्यो की गुणवत्ता प्रभावित होती है । इसके लिये कोई स्थाई समाधान निकाला जाये । कुछ उपयंत्रियों द्वारा सरपंचों को विभिन्न प्रकार से प्रताड़ति किया जाता है , इस पर रोकलगाइ जाये ।



## शराब के नशे में दौड़ा रहे वेकोलि से अनुबंधित एम्बुलेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) से अनुबंधित एम्बुलेंस शराब के नशे में दौड़ाई जा रही है । जो अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर करवट हो गई । सड़क पर मौजूद लोग बाल - बाल बचे । पुलिस ने एम्बुलेंस को कब्जे में लेकर चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है ।वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) के द्वारा नेहरिया उपक्षेत्र के कामगारों और उनके आश्रितों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने एम्बुलेंस ठेके पर रखा है , इस एम्बुलेंस को अपने दो साथियों के साथ चालक नशे में धुत होकर परासिया लेकर आ रहा था । शिवपुरी तिराहा से निकलने के बाद ऑटोपार्ट्स की दुकानों के पास एम्बुलेंस अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर करवट हो गई , जिसे सड़क पर मौजूद लोगों ने तत्काल खड़ा किया । एम्बुलेंस में सवार चालक के दो साथी घायल हुए , लेकिन पुलिस के आते ही वे फरार हो गए । महादेव मेले के चलते सभी मार्गों पर यातायात व्यस्त है , पर गनीमत है , कि लोग बाल बाल बचे । यह भी गनीमत है , कि एम्बुलेंस में मरीज नहीं थे । इस घटना से चालक और ठेकेदार दोनों की गंभीर लापरवाही सामने आई है। जिसका ठेका है , उस ठेकेदार की स्कूल बसें भी वेकोलि से अनुबंधित है और रोजाना बच्चों को लाना - ले जाना करती है । ठेकेदार अपने वाहनों के चालकों पर निगरानी नहीं रखते । कौन सा चालक कितने नशे में वाहन चला रहा है , कहना मुश्किल है , पर इस मामले में प्रबंधन को भी संज्ञान लेना चाहिए । यह घोर लापरवाही है । बहरहाल पुलिस ने झूर्रे हनुमान मंदिर के पास रहने वाले चालक राजीव धुर्वे के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट 185 , 130(3) / 77 के तहत मामला दर्ज किया है ।




## एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला लखनवाड़ा में पदस्थ एक प्राथमिक शिक्षक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री सतेन्द्र सिंह मरकाम द्वारा विकासखंड अमरवाड़ा के संकुल केन्द्र पौनार के एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला लखनवाड़ा के प्राथमिक शिक्षक श्री सहेश कुमार अहरवार को विद्यालय परिसर में शराब पीकर उपस्थित होने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री मरकाम ने बताया कि जिले के विकासखंड अमरवाड़ा के संकुल केन्द्र पौनार के एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला लखनवाड़ा में पदस्थ प्राथमिक शिक्षक श्री श्री अहरवार के विद्यालय परिसर में शराब पीकर उपस्थित होने का गंभीर मामला प्रकाश में आया है। यह आचरण न केवल शिक्षकीय मर्यादा के विरूद्ध है, बल्कि विद्यार्थियों के हित एवं विद्यालय की गरिमा के भी प्रतिकूल है। प्राथमिक शिक्षक श्री अहरवार के शाला में शराब पीकर उपस्थित होने की खबर संकुल प्राचार्य की जांच में प्रथम दृष्टया सही पाये जाने, शाला का वातावरण प्रभावित होने एवं बच्चों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की स्थिति निर्मित होने के कारण उन्हें तत्काल प्रभाव से शासकीय सेवा से निलंबित किया जाकर, मुख्यालय, कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी, अमरवाड़ा, जिला छिंदवाड़ा नियत किया गया है। विद्यार्थियों के लिए सुरक्षित, शैक्षणिक एवं नैतिक वातावरण को बनाए रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। विभागीय अनुशासन एवं मर्यादा बनाये रखने के लिये ऐसे आचरण को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## जिला अस्पताल में जन्म के 24 घंटे के अंदर जन्म प्रमाण पत्र मिलने की सुविधा

**छिन्दवाड़ा**। जिला चिकित्सालय छिंदवाड़ा में अब नवजात शिशुओं का जन्म प्रमाण पत्र जन्म के 24 घंटे के भीतर ही उपलब्ध कराया जा रहा है। यह सुविधा कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन के निर्देशानुसार प्रारंभ की गई है, जिससे हितग्राहियों को त्वरित लाभ मिल सके। सिविल सर्जन डॉ. सुशील दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला अस्पताल के गायनिक वार्ड में जन्म पंजीयन के लिए पृथक काउंटर शुरू किया गया है। इस काउंटर के माध्यम से नवजात शिशु का जन्म पंजीयन कर जन्म के 24 घंटे के अंदर ही जन्म प्रमाण पत्र तैयार कर हितग्राही को प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पूर्व में जन्म प्रमाण पत्र प्राप्त करने में विलंब होने के कारण हितग्राहियों को विभिन्न प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ता था। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए जिला अस्पताल में यह नई व्यवस्था लागू की गई है, जिससे प्रसूताओं को उनके शिशु का जन्म प्रमाण पत्र शीघ्र मिल सके। इस सुविधा के प्रारंभ होने से हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ समय पर प्राप्त करने में भी सहायता मिलेगी और अनावश्यक विलंब एवं परेशानी से राहत मिलेगी।

## वार्डवासियों ने तहसीलदार को अतिक्रमण हटाने दिया ज्ञापन

### पावर हाऊस कॉलोनी का मामला, बड़ी संख्या में लोग पहुंचे कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया



तामिया पिपरिया मुख्य मार्ग में सुगम आवागमन की दृष्टि से पॉवर हाउस कॉलोनी तामिया में स्थित भोला वेल्डिंग की दुकान के सामने स्थित दुकान के सामने रखी सामग्री हटवाने मोहल्लावासी पावरहाउस कॉलोनी तामिया जनहित में भोला वेल्डिंग वर्कशॉप की छिंदवाड़ा पिपरिया मुख्यमार्ग में स्थित है। इनकी दुकान के सामने ट्रैक्टर ट्रॉली, पानी का टैंकर, मिक्चर मशीन, लोहे का पलंग त्रिशूल आदि विभिन्न सामग्री रखी हुई है , जो कि डामल रोड दे लगाकर रखा है। जिसकी वजह से आवागमन में असुविधा हो रही है। कभी भी बड़ा हादसा घटित हो सकता है। भोला वेल्डिंग वर्कशॉप के सामने रखी सभी सामग्री मेन रोड से कम से कम 15 फीट की दूरी पर रखवाने जन सुविधा की दृष्टि से कार्यवाही की मांग की समस्त मोहल्लावासी पावर हाउस कॉलोनी तामिया राजू सूर्यवंशी, धीरज मौर्य, भवानी यदुवंशी, गुलाब बुनकर, रेखा सोनी, कल्याण यादव, एस पी भलावी, शांता धुर्वे, विजय डेहरिया, अरविंद सरयाम, शेख इमरान, बाय आर उगदे, सुरेश नरेकर, शिवकुमार जायसवाल, विनायकराव डोंगरे, सी एल उईके, पी जी सरयाम, गुलाब, एस एस धुर्वे, उदयसिंग ठाकुर, प्रकाश सोनी, संतोष सोनी, अभय, श्रीधर भेदुरकर, रोहित कवरेती,एस सी कुमरे, लल्ला सूर्यवंशी, अशोक बानिया मौजूद रहे।

## पंखा घर का मुहाना खुला, नपं अध्यक्षा ने जीएम को कराया अवगत

**न्यूटन / परासिया** :- न्यूटन 11 नंबर पिट के पंखा घर का मुहाना खुला । जिस सम्बन्ध में नगर पंचायत अध्यक्षा अनुपमा राय ने पेंच - कन्हान जी एम को अवगत कराया । साथ ही पत्र लिखकर मुहाने की उचित जांच कराकर इसे बंद कराने की मांग रखी ।गौरतलब है , कि नगर पंचायत न्यूटन के वार्ड 11 में स्तिथ भूमिगत कोयला खदान जो वर्षो पहले बंद हो चुकी है । उस दौरान खदान के अंदर हवा पहुंचाने के लिए खदान की सामने दिशा में पंखा घर बनाया गया था । जिसमें एक विशालकाय पंखा लगा हुआ था । यहां से खदान तक एक लम्बी सुरंग से होते हुए खदान के अंदर पहुंचती थी । यह पंखाघर वार्ड 5 - 6 में स्तिथ है जो बंद है । जिसका मुहाना जमीन धंसने से खुल गया । जो न्यूटन नंबर 4 जाने वाली सड़क के किनारे मौजूद है । जिससे यहां से आने - जाने वालों के लिए खतरा बन गया है । इस मामले की खबर लगने के बाद अध्यक्षा अनुपमा राय मौके पर पहुंची और स्तिथि का जायजा लिया । उन्होंने इसकी जानकारी तत्काल पेंच कोयला क्षेत्र के महाप्रबंधक को दी और शीघ्र ही मुहाना बंद कराने की मांग रखी ।



### प्रखर हिंदुत्ववादी नेता टी राजा सिंह होंगे शामिल

## 16 को निकलेगी हिन्दू गर्जना रैली, विशाल धर्मसभा का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा




छत्रपति शिवाजी महाराज की जन्म जयंती के उपलक्ष्य में आगामी 16 फरवरी को जिला बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद के संयुक्त तत्वाधान में हिन्दू गर्जना रैली एवं विशाल धर्मसभा का आयोजन किया जा रहा है।

इन्ही दोनों कार्यक्रमो की रूपरेखा की विस्तृत जानकारी देने के लिए जिला बजरंग दल संयोजक नरेंद्र पटेल द्वारा शुक्रवार को प्रेस वार्ता आयोजित की गई, जिसमे नरेंद्र पटेल द्वारा 16 फरवरी के आयोजनों के संबंध में क्रमशः विस्तारपूर्वक जानकारी पत्रकारों को दी गई।प्रेस वार्ता के दौरान बजरंग दल के जिला संयोजक नरेंद्र पटेल ने बताया कि छत्रपति शिवाजी महाराज की जन्म जयंती के उपलक्ष्य में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा आगामी 16 फरवरी को हिन्दू गर्जना रैली एवं विशाल धर्मसभा का आयोजन किया जा रहा है,इस वर्ष हिन्दू गर्जना रैली के आयोजन का यह 5 वा वर्ष है। इस हिन्दू गर्जना रैली एवं विशाल धर्मसभा में शामिल होने के लिए भारत देश के प्रखर हिंदुत्ववादी नेता विधायक टी राजा सिंह हमारे विनम्र आग्रह पर पहली बार विशेष रूप से छिन्दवाड़ा पधार रहे हैं।16 फरवरी को हिन्दू गर्जना रैली का शुभारंभ प्रखर हिंदुत्ववादी नेता विधायक टी राजा सिंह के द्वारा पूजन कर शाम 5 बजे से दादा धूनीवाले मंदिर परिसर से होगा।

इस हिन्दू गर्जना रैली का नेतृत्व मातृशक्तियों द्वारा किया जाएगा एवं उनके पीछे की कतार में हज़ारों सनातनी बैंड बाजे,डीजे,आकर्षक झांकियों एवं भगवा ध्वजों को थामे हुए आगे बढ़ेंगे।दादा धूनीवाले मंदिर परिसर से आरंभ हुई हिन्दू गर्जना रैली तिलक चौक, पावरहाउस, फव्वारा चौक होते हुए दशहरा मैदान पहुंचेगी जहां शाम 7 बजे विशाल हिन्दू धर्मसभा का आयोजन किया जाएगा।दशहरा मैदान में आयोजित विशाल हिन्दू धर्मसभा में प्रखर हिंदुत्ववादी नेता विधायक टी राजा सिंह का ओजस्वी उदबोधन होगा,जिसे सुनने के लिए हज़ारो सनातनी वहां विशेष रूप से मौजूद रहेंगे।

बजरंग दल के जिला संयोजक नरेंद्र पटेल,प्रशांत साहू,आकाश बैस,रविराज सिंह सहित बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद के सभी पदाधिकारियों ने जिलेभर के सनातनियों से इस हिन्दू गर्जना रैली एवं विशाल धर्मसभा में शामिल होने की अपील की है।

# 4 हजार किलो लाहन नष्ट, 45 लीटर कच्ची मदिरा बरामद



**पांढुर्णा।** आज 13 फरवरी को आबकारी विभाग के अधिकारियों ने विकासखंड के ग्राम गोरलीखापा, बिछुआ सानी तथा चाटवा के नदी नालों में बन रही कच्ची शराब के अड्डों पर दबिश दी। इस कारवाई में 4000 किलो महुआ लाहन बरामद कर नष्ट किया गया एवं 45 लीटर हाथ भट्टी महुआ निर्मित कच्ची बरामद की गई।यह कारवाई सहायक आबकारी आयुक्त भीम राव वैद्य के निर्देश पर वृत्त पांढुरना में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन एवं संग्रहण में प्रभावी अंकुश लगाने के लिए की गई। इस कार्यवाही में वृत्त प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक नरेंद्र कुमार नागेश, आबकारी आरक्षक मुकेश रहांगडाले, श्रद्धा रहांगडाले उपस्थित रहे।

## सिंगोड़ी में रक्तदान शिविर एवं एक शाम शहीदों के नाम आज

**छिंदवाड़ा।** आज से 7 वर्ष पूर्व पुलवामा हमले में हमारे कई वीर जवान शहीद हुए थे उन सभी भारत माता के लाल को श्रद्धासुमन अर्पित करते झंडा वंदन समिति सिंगोड़ी एवं व्यापारी मंडल सिंगोड़ी द्वारा विशाल रक्तदान शिविर एवं एक शाम शहीदों के नाम का सुंदर आयोजन करते आ रहा है।कार्यक्रम संयोजक निशंक जैन ने बताया यह हमारा अनवरत रूप से 6 वर्ष है जिसमें आज शनिवार 14 फरवरी को दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक बस स्टैंड स्थित शासकीय बालक माध्यमिक शाला सिंगोड़ी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जावेगा एवं रात्रि 8 बजे से कबीर बाड़ा में एक शाम शहीदों के नाम आर्केस्ट्रा का आयोजन किया जावेगा।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद विवेक बंटी साहू, जिला भाजपा अध्यक्ष शेषराव यादव, विधायक कुंअर कमलेश शाह रहेंगे।

### गृह मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन, बड़ी संख्या में मौजूद रहे सामाजिक बंधु

# महात्मा फुले की प्रतिमा खंडित करने पर सौंसर में फूटा आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

तेलंगाना के संगारेड्डी जिले के तेल्लापुर गाँव में समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा को खंडित किए जाने की दुर्भाग्यपूर्ण घटना ने देश भर में आक्रोश पैदा कर दिया है। इस घटना की गूँज अब मध्य प्रदेश के सौसर तक पहुँच गई है। विभिन्न सामाजिक संगठनों और प्रबुद्ध नागरिकों ने इसे सामाजिक न्याय और समानता की विचारधारा पर सीधा हमला करार देते हुए कड़ी निंदा की है।



शुक्रवार को महात्मा ज्योतिबा फुले संस्थान, सौसर के नेतृत्व में स्थानीय नागरिकों ने अनुविभागीय अधिकारी के माध्यम से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को एक पत्र प्रेषित किया है। इस पत्र में केंद्र सरकार से तत्काल हस्तक्षेप करने, दोषियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई करने और खंडित प्रतिमा को पूरे सम्मान के साथ जल्द से जल्द पुनः स्थापित करने का आग्रह किया गया है।इस घटना के विरोध में आयोजित प्रदर्शन और ज्ञापन सौंपने के दौरान महात्मा ज्योतिबा फुले विकास मंडल, सौसर के कई पदाधिकारी और समाज के प्रतिष्ठित नागरिक उपस्थित रहे।

प्रतिनिधि मंडल में पवन सरोदे,दर्शन झाडे, कुशल वानखेडे, पवन बोडखे,जयंत फसाटे, संजय रेवस्कर,चंद्रशेखर अंबडकर,राहुल सेरजे,पलाश बोडखे,नीलेश गाडगे श्रीमती अनिताताई बोडखे,प्रभाकर बोबडे, वासुदेव बुले, धनराज सरोदे, सुशील गाडगे, वसंता बोडखे, सौरभ अढ़ाऊ,शैलेश सरोदे,शुभम बेलसरे,श्रीमती नलुताई गाडगे, श्रीमती शीलताई श्रीखंडे, श्रीमती नीलिमा ताई बोडखे, श्रीमती मृणाली दर्शन झाडे,श्रीमती माया सरोदे ने भी सक्रिय उपस्थिति दर्ज कराई है। वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि महात्मा फुले जैसे महापुरुषों का अपमान पूरे समाज का अपमान है। यदि दोषियों पर त्वरित कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## रैली एवं नुक्कड़ नाटक के जरिए रासेयो के छात्र-छात्राओं दे रहें हैं पर्यावरण एवं ऊर्जा संरक्षण का संदेश



**पांढुर्णा।** यहां प्राचार्य डॉ. शहनाज खान के मार्गदर्शन में पी.एम.कालेज आफ एक्सीलेंस शासकीय विज्ञान महाविद्यालय, पांढुरना की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर दिनांक 6 से 12 फरवरी तक गोदग्राम वाड़ेगांव गांव में जारी है। कल 12 फरवरी को राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण एवं ऊर्जा संरक्षण को लेकर रैली एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को शिक्षाप्रद जानकारी दी।इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, ग्राम स्वच्छता, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ आदि का संदेश नारे के माध्यम से देते हुए रैली निकाली गई। गोदग्राम वाड़ेगांव में चौराहे पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। बौद्धिक सत्र में डॉ. डी. के. इंदुरकर द्वारा छात्र-छात्राओं को रासेयो के अनुभव शेयर करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला स्तरीय, विश्वविद्यालय स्तरीय, राज्य स्तरीय शिविर तथा नेशनल शिविर सहभागिता करने एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत किये जाने कार्यों के लिए मिलने वाले पुरस्कार की जानकारी दी गई । वहीं अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ जगदीश कुमार वाहने राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविरार्थियों को बताया की एन एस एस छात्रों में नेतृत्व तथा लीडरशिप के कौशल को बढ़ाने का एक मंच है। जिससे युवा अपने उद्देश्य को प्राप्त करने की ओर प्रेरित होता है। इस अवसर पर प्रो. गणेश कुमार तुमड़ाम कार्यक्रम अधिकारी रासेयो छात्र इकाई, डॉ. पल्लवी झारिया, कार्यक्रम अधिकारी छात्रा इकाई, डॉ.शीतल गुजरे, भोजराज कराले, श्याम दलवी, केम्पस एम्बेसडर कु. सोनम गिरारे, कु. हर्षाली भद्रे, अलवीरा परवीन काजी, रैलिश खान, आस्था घोड़े, कु. वैशाली खण्डाते, कु. पूनम गोयते, हेमराज कोकोड़े, रोहन वटके, शिवानी ढोके, पायल बोबड़े एवं रासेयो के छात्र-छात्राएं एवं ग्रामवासी उपस्थित रहें।

# अमरवाड़ा छिंदवाड़ा मार्ग फोर लाइन करने की केंद्रीय सड़क मंत्री से की गई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

छिंदवाड़ा ,अमरवाड़ा, हररई, नरसिंहपुर ,सिंहपुर मार्ग पर आए दिन बढ़ती दुर्घटनाओं ने क्षेत्र वासियों को जनता में चिंता व्याप्त है। बढ़ता ट्रैफिक दबाव और सकरा मार्ग के चलते सड़क दुर्घटना में इजाफा होता जा रहा है,नरसिंहपुर अमरवाड़ा छिंदवाड़ा 120 किलोमीटर मार्ग पर आए दिन हो रही दुर्घटनाओं के बारे में तहसील प्रेस क्लब अमरवाड़ा के द्वारा केंद्रीय सड़क मंत्री माननीय नितिन गडकरी जी को ज्ञापन भेजा गया है। बताया जाता है यह नेशनल हाईवे मार्ग पर



हर वर्ष सैकड़ो दुर्घटना हो रही है। जिसमें कई लोगों की जान जा चुकी है। यह दोनों जिले को मिलाने वाली एकमात्र सड़क मुख्य मार्ग है,जहां रेल सुविधा है ना कोई वैकल्पिक रास्ता किसान ,महिलाएं, युवा, वृद्ध ,बच्चे और छात्र और अधिकारी कर्मचारी रोज इसी मार्ग से आवागमन करते हैं। तहसील प्रेस क्लब अमरवाड़ा के द्वारा के केंद्रीय सड़क मंत्री माननीय नितिन गडकरी, लोकसभा संसदीय क्षेत्र छिंदवाड़ा पांढुर्णा के सांसद विवेक बंटी साहू, क्षेत्रीय विधायक कमलेश प्रताप शाह, प्रभारी मंत्री राकेश सिंह अमरवाड़ा हररई छिंदवाड़ा मार्ग को शीघ्र फोर लेन करने की मांग की गई है 1 इस मार्ग को फोरलेन किया जाना अति आवश्यक है,क्षेत्रीय विधायक राजा कमलेश प्रताप साह एवं सांसद बंटी साहू से क्षेत्र वासियों ने निवेदन किया है कि इस दिशा में अपने स्तर पर ठोस कार्रवाई करेंगे 1 पूर्व में शिवनी, चौरई, सावनेर मार्ग फोरलेन निर्माण के लिए स्वीकृति प्रदान की जाने की चर्चा है।

## विधानसभा स्तरीय एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक

**सिंगोड़ीः** सिंगोड़ी क्षेत्र की जन समस्या को सिंगोड़ी भाजपा मंडल अध्यक्ष सोनू सरस्वार ने विगत दिनों जनपद पंचायत हर्रई के सभागार में अमरवाड़ा विधायक कमलेश शाह प्रताप शाह की अध्यक्षता में विधानसभा स्तरीय एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक में रखी थी। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र की जनसमस्याओं का त्वरित निराकरण और विकास कार्यों की गति बढ़ाना था। बैठक में अध्यक्ष सोनू सरसवार ने ग्रामीण क्षेत्रों से प्राप्त शिकायतों और ज्ञापन के आधार पर समस्याओं का ब्यौरा प्रमुखता से रखा। उन्होंने अधिकारियों को अवगत कराया कि क्षेत्र में सड़कों की स्थिति, स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी और आगामी गर्मियों में पेयजल संकट जैसी समस्याएं ग्रामीणों के लिए बड़ी चिंता का विषय हैं। कालेज सीएम राइज स्कूल का जल्द निर्माण हॉस्टल सड़क निर्माण सिंगोड़ी से खकरा चौरई बायपास बांका मुकासा से पटनिया, सालीवाड़ा से गौली ढाना और धबई से नन्दौरी व्हाया जमनाही सड़क का निर्माण।वही सिंगोड़ी स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ की नियुक्ति तथा स्कूलों में बाउंड्री वॉल निर्माण बोर निर्माण और खामिहीरा में 132 **KV** सब स्टेशन हेतु 12 एकड़ भूमि आवंटित करने की मांग सहित अन्य मांगों को रखा है। विधायक कमलेश शाह ने समस्याओं की गंभीरता को देखते हुए उपस्थित समस्त विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि इन मांगों पर त्वरित कार्यवाही कर जल्द से जल्द निराकरण सुनिश्चित करें।

# गौशाला में पूजा पाठ कर तुलसी का किया गया अंतिम संस्कार

**सिंगोड़ीः** सोनी परिवार सिंगोड़ी द्वारा संचालित श्री राम गौशाला में 17 वर्ष पहले लाई गई गाय का निधन हो गया जिस विधि विधान से और पूजा पाठ कर अंतिम संस्कार किया गया। संचालक पप्पू राव सोनी ने बताया की एक गाय का बछड़ा लावारिस और बीमार हालत पर सिंगोड़ी में 17 वर्ष पूर्व मिला था स्वर्गीय भास्कर राव सोनी ने उसका इलाज कराकर अपने पास सेवार्थ रख लिया इसी तरह ग्राम में अन्य प्रकार के गोवंश मिलने लगे थे तब गौशाला का निर्माण कर लावारिश और बीमार पासुओ देख रेखा की जा रही है। वही वर्तमान में यहां पर करीब 35 से चालीस गोवंश मौजूद है जिसका चारा पानी परिवार का प्रत्येक सदस्य खुद करता है ऐसे में इनके कार्यों की प्रशंशा हर जगह होती है। वही सुक्रवार को उक्त गाय की मृत्यु होने के बाद उसका अंतिम संस्कार किया गया जहा सभी उपस्थित लोगो के आसू नही रुके।



# टंकी से रिस रहा बहुउपयोगी पानी, गलियों में मच रहा कीचड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/बिनैका

एक ओर तो गांव-गांव बड़े-बड़े नारे लिखाये जाते हैं जिनमें जल ही जीवन है, जल को व्यर्थ न बहायें, नलों में टूटी लगायें, जल को सहेजकर रखें जैसे संदेश शामिल होते हैं लेकिन जिनके माध्यम से इन नारों को लिखवाया जाता है क्या वे स्वयं भी इन नारों में लिखे संदेशों को गंभीरता से लेते हैं ? यदि गंभीरता से वे इन्हें समझ पाते तो शायद इस तरह से यह बहुमूल्य जल व्यर्थ ही बहकर नाली में न समा रहा होता, लोगों के घरों में न घुस रहा होता, गलियों में कीचड़ न मचा रहा होता। यह अनदेखी कहीं और नहीं बल्कि मण्डला मुख्यालय की समीपी ग्राम पंचायत बिनैका में की जा रही है जबकि इस पंचायत के बारे में बताया जाता है कि यहां ज्यादातर पढ़े-लिखे लोग निवास करते हैं यहां सामान्य वर्ग के लोगों की बसाहट भी बहुतायत में है उसके बावजूद यदि जल की ऐसी दुर्गति हो रही है तो फिर इसे क्या समझा जाये।



बिनैका ग्राम पंचायत के वार्ड नम्बर 16 में जो पानी टंकी स्थापित है उससे रोजाना इतना पानी बह रहा है कि पूरी सड़क में पानी ही पानी नजर आता है यह पानी नाली से होता हुआ वार्डवासियों के घरों में ही प्रवेश कर रहा है इस गंदे पानी से स्थानीय लोग परेशान हैं और कई मर्तबा ग्राम पंचायत जाकर इसकी शिकायत की लेकिन किसी तरह का कोई सुधार कार्य नहीं किया गया। बिनैका ग्राम में इस तरह से हजारों गैलन पानी बर्बाद हो रहा है जबकि बहुत से ग्रामों में पानी के लिये लोग परेशान हैं। पंचायत द्वारा इस तरह की जा रही अनदेखी निश्चित रूप से पंचायत के अधिकारियों को भी नजर आ रही होगी उसके बावजूद कोई कार्यवाही न होना समझ से परे है। अब यदि यही गंदा पानी नल-जल योजना के पाईप में यदि समाता है और नल-जल योजना के माध्यम से लोगों के घरों तक पहुंचता है और फिर इस संक्रमित पानी के उपयोग से किसी तरह की बीमारी फैलती है तो फिर इसका जिम्मेदार कौन होगा शायद जनप्रतिनिधि इसी का इंतजार कर रहे हैं।

# दुकान को किया गया सील



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशों के परिपालन में जिला प्रशासन द्वारा अवैध गतिविधियों के विरुद्ध निरंतर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार बस स्टैंड मंडला स्थित यात्री प्रतीक्षालय के समीप कार्रवाई की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगरपालिका परिषद द्वारा आवंटित एक दुकान जो शाकाहारी भोजनालय के नाम से संचालित थी, के भीतर शटर बंद कर अवैध रूप से मांसाहारी भोजन और बिरयानी पकाए जाने की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना की पुष्टि होने पर नायब तहसीलदार श्री राम सिंह उलाड़ी के नेतृत्व में राजस्व, पुलिस बल और नगरपालिका की संयुक्त टीम द्वारा निरीक्षण किया गया। दुकान शाकाहारी भोजनालय के लिए आवंटित थी, किंतु इसके भीतर गुप्त रूप से मांसाहारी व्यंजन तैयार किए जा रहे थे। नायब तहसीलदार राम सिंह उलाड़ी के साथ राजस्व विभाग, नगरपालिका परिषद की टीम और पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर जांच की। शटर बंद कर संचालित हो रही इस अवैध गतिविधि के पाए जाने पर प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से दुकान को सील करने की कार्रवाई की गई।

**प्रतियोगिता** | विधायक कप आल इंडिया वॉलीबाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ समापन।

# श्री गांधी मेले में वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन





*** क्षेत्र की लगभग 30 टीमों ने भाग लेकर किया प्रदर्शन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

ऐतिहासिक गाँधी मेला के शुभ अवसर पर नगर में, 10, 11, 12, फरवरी को विधायक कप आल इंडिया एवं छेत्रीय ग्रामीण बालीवाल क्रीड़ा प्रतियोगिता बीआरसी ग्राउंड में अधिकारी कर्मचारी एवं व्यापारी गणो के सहयोग ओर मार्गदर्शन में आयोजित हुई। नगर की यह बालीवाल प्रतियोगिता एक लंबे समय से वर्ष 1982 से प्रतिवर्ष आयोजित हो रही है जो आज भी अनवरत जारी है इस प्रतियोगिता में देश के अनेक जिलों से प्रतियोगी आते हैं जिनमें राष्ट्रीय ओर अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भाग लेते वही प्रतिदिन आस पास के ग्रामों से हजारों दर्शक प्रतियोगिता का आनंद लेते हैं।

इस वर्ष प्रतियोगिता में लगभग क्षेत्रीय 30 टीमों ने भाग लेकर अपना प्रदर्शन किया जिसमे बबलू स्पोर्ट्स विजेता एवं नैगवा टीम उपविजेता का ख़िताब जीता .इसी प्रकार आल इंडिया प्रतियोगिता में 6 टीमों ने भाग लिया जिसमे wcr जबलपुर, ऑरेंज सिटी नागपुर, झाँसी, आंध्र प्रदेश, रायगढ़ जिंदल छत्तीसगढ़ तथा रेलवे बिलासपुर की टीम रहीं। रेलवे बिलासपुर विजेता एवं जिंदल रायगढ़ ने उपविजेता का खिताब जीता। समस्त प्रतियोगितायें रोमांच कारी रही। विजय टीम में विजता को 31 हजार नगद और ट्रॉफी उप विजेता टीम को 21 हजार नगद और ट्रॉफी प्रदान की गई, इसी तरह क्षेत्रीय दलों को भी पुरस्कृत किया गया, मैदान में लगभग दस हजार दर्शको ने मैच का भरपूर आनंद लिया इस अवसर पर क्षेत्र के.विधायक नारायण सिंह पट्टा ने समस्त प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन कर उज्वल भविस्य की कामना की। वहीं प्रतियोगिता को सफल बनाने में इस कार्यक्रम के अध्यक्ष बी एल उइके, उपाध्यक्ष अतुल साहू कोशा अध्यक्ष संभु मरकाम, सचिव कमल किशोर आर्मो क्रीड़ा प्रभारी गोवर्धन धुर्वे, मैदान प्रभारी बलवीर मरावी, हरेशिंग वल्के भोजन प्रभारी शिवा मरकाम शिवनाथ पंन्द्रे अमरित धुर्वे मनोज धुर्वे, मिलाप धुर्वे, गुलाब उइके पुष्पेंद्र कुलस्ते दिनेश पन्द्रे, मोहित, मुकेश, हेमंत, महासिंघ धुर्वे, मयंक, अमर लाल, संदीप पुसम, दानिश खान, किशोर विश्वकर्मा आदि का सहयोग रहा। राष्ट्रीय स्तर के एम्पायर उपदेश तोमर एवं जीपी वैद्य जबलपुर से रहे। राज्य स्तर के एम्पायर जमादार धुर्वे, सतीश ताराम, रुपेश गेडाम, मंगल पन्द्रे जिला खेल अधिकारी मंडला आदि रहे, उद्घोषक में प्रहलाद साहू, राकेश कांत, रमेश सैयाम स्कोरिंग में चन्द्रिका उपाध्याय आदि ने सहयोग प्रदान किया। वही कार्यक्रम में अजय पूरी गोस्वामी, प्रदीप गोस्वामी, अशोक नानकनी, एसडीएम पन्ना जिला आलोक मार्को एसडीओ फारेस्ट जिला पन्ना कृष्णा मरावी थाना प्रभारी टी आई शैयाम विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

# मंत्री विजय शाह के समर्थन में छात्रों ने दिया ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/निवास

कैबिनेट मंत्री कुंवर विजय शाह के सेना को लेकर दिए गए बयान को लेकर अनुसूचित जाति जनजाति छात्र संघ मंडला ने महामहिम राष्ट्रपति महोदया और राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान छात्र संघ के जिला अध्यक्ष गगन चौधरी ने आरोप लगाए कि मंत्री शाह से एक भाषाई भूल हुई थी जिसपर उन्होंने चार चार दफा माफी मांगी है इसके बावजूद उनपर समाज में विद्वेष फैलाने का आरोप लगाया जा रहा है और निरंतर मीडिया ट्रायल के माध्यम से ट्रोल किया जा रहा है जो गलत है। उन्होंने आरोप लगाया कि इससे पहले भी कई बड़े बड़े नेताओं ने इस तरीके के बयान दिए हैं लेकिन इस तरह न तो किसी ने माफी मांगी और न ही इस तरह किसी को ट्रोल किया गया। इनके साथ इस तरह का व्यवहार किया जाना कहीं न कहीं उनके आदिवासी वर्ग से आने के कारण हो रहा है। जो कि निंदनीय है शाह प्रदेश के वरिष्ठ आदिवासी नेता हैं और आदिवासी वर्ग के लिए जो कार्य उन्होंने किए हैं यही कारण है कि उनको हटाने का किसी प्रकार प्रयत्न किया जा रहा है और इसके साथ ही दलित आदिवासी नेतृत्व को कमजोर करने का कुंठित प्रयास है। संघ ने महामहिम राष्ट्रपति महोदया से मांग की कि उनकी माफी को स्वीकार करते हुए इस विषय को समाप्त किया जाए। इस दौरान छात्र संघ के जिला अध्यक्ष गगन चौधरी, जिला सचिव दीपेश वरकड़े, एडवोकेट शुभम चौधरी, छात्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष सोने लाल उर्रेति, उपाध्यक्ष महेश अहिरवार, शुभम अहिरवार, भूपेंद्र मरावी, सुजल सिंगारे, दीपशिखा जाटव, अनुराधा दांगी, राज मरावी, निहाल साहू, नैन झरिया, अनामिका वर्मा, त्रिवेणी अहिरवार, निकिता खारोल, विनय झरिया, नहीं बैगा, सरिता मरकाम, शालिनी झरिया, विद्या पटेल ज्योति पाल सहित सैकड़ों छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### कक्षा नर्सरी से आठवीं तक के विद्यालय अब पूर्ववत समय पर होंगे संचालित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला शिक्षा अधिकारी सिवनी द्वारा बताया गया कि कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के आदेश पालन में अत्यधिक ठंड एवं विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर संभावित प्रतिकूल प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए जिले में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय, आईसीएसई/अनुदान प्राप्त एवं अन्य मान्यता प्राप्त विद्यालयों में कक्षा नर्सरी से कक्षा आठवीं तक की कक्षाएं प्रातः 9:30 बजे के पूर्व संचालित नहीं करने संबंधी आदेश जारी किए गए थे। उन्होंने बताया कि वर्तमान में जिले में तापमान सामान्य होने के कारण उक्त आदेश निरस्त करते हुए सभी विद्यालयों को पूर्ववत समयानुसार संचालित किए जाने के निर्देश जारी किए गए हैं।

# वयस्क तेंदुए के कुएं में गिरने से मची हलचल

**सोनखार (प्रदीप तिवारी)। सिवनी जिले के अंतर्गत वन परिक्षेत्र सामान्य केवलारी के अंतर्गत उगली और केवलारी के मध्य सघन वन आबादी वाले क्षेत्र राजस्व ग्राम बोरगोंदी ग्राम पंचायत के अंतर्गत वन विभाग के विश्रामगृह के निकट एक किसान फगलाल भोरगोंदी निवासी के कुएं में वन्य जीव प्राणी तेंदुआ 6 लेपर्ड 8 भोजन की तलाश में जंगल के निकट कुएं में बीती रात गिर गया था**



जिसकी सूचना गस्त करते समय वन विभाग के कर्मचारी को किसान द्वारा दी जाकर चार पाई मे रस्सी बांधकर झूला बनाकर लगभग 10 बजे सफल रेस्क्यू किया गया, उगली पुलिस और वन विभाग टीम के द्वारा सुरक्षात्मक रुप से हिंसक प्राणी को बड़े ही सावधानी पूर्वक सुरक्षा के साथ बिना किसी प्रकार की अनहोनी के तेंदुआ को जंगल की ओर जाने दिया।

**इनका कहना है**

प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार किसान का खेत जो जंगल के निकट है, किसान अपनी सुरक्षा के लिये दो पालतू कुत्ते पाला था, यह तेंदुऐं नर मादा दो थे, जिसमें एक ने एक कुत्ते का शिकार कर जंगल की ओर भाग गया, जबकी दूसरा भी कुत्ते को अपना शिकार बनाता जब तक किसान जो अपने टपरे पर था, उसे आहट हुई, जिसके कारण किसान द्वारा हल्ला करने पर एक तेंदुआ कुऐं में जा गिरा। फिलहाल यह सघन वन क्षेत्र कान्हा राष्ट्रीय उद्यान और पेंच राष्ट्रीय उद्यान के मध्य कॉरिडोर वाला हिस्सा है,उगली केवलारी मार्ग उगली पां. छपारा से बरघाट मार्ग और उगली से निकट बालाघाट के मध्य चारों ओर घना जंगल होने के कारण वन्य प्राणियों की आवाजाही और मूवमेंट लगातार देखा जाता है, राहगीर भी चलते हुए वन्य प्राणियों के दर्शन करते हैं इस दृष्टिकोण से वन विभाग की टीम ने वन विभाग के द्वारा क्षेत्र के लोगों को जागरुक करते हुए सख्त हिदायत दी है कि वन्य प्राणियों से सावधानी बरतने हैं, और समूह में जंगल आदि में जाकर अपने दैनिक नियमित कार्य करें। वन परिक्षेत्र अधिकारी गौरव वानखेड़े केवलारी का कहना है कि हमारे द्वारा वन विभाग की टीम के साथ सफल रेस्क्यू किया गया, हमारे कर्मचारी नियमित गष्त करते हैं, और तेंदुए का रेस्क्यू करने के बाद सुरक्षित जंगल की ओर भगा दिया गया।

# घंसौर मे आधार कार्ड सेंटरों में मची लूट मनमाने ढंग से संचालक वसूल रहे पैसा

## लुट रहे गरीब आदिवासी जिम्मेदार मौन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ घंसौर।**

सिवनी जिले के घंसौर इलाके में इन दिनों आधार कार्ड सेंटरों में जमकर लूट का माहौल देखा जा रहा है। संचालकों द्वारा मनमाने ढंग से गरीब आदिवासी जनता को लूटने की दुकान खोल कर रखी गई है।

आधार कार्ड सेंटरों में कुछ सेंटरों पर आलम यह है कि जिस जगह के नाम से आई डी ली गई है वहां पर आधार सेंटर संचालित न होकर मुख्यालय में आधार कार्ड सेंटरों को संचालित किया जा रहा है जिनमें मनमाने ढंग से संचालकों द्वारा पैसे लिए जा रहे हैं जबकि नियमानुसार न तो सेंटरों में कोई शासन द्वारा निर्धारित रेट लिस्ट है न ही कोई बताने वाला जबकि जिन जिम्मेदारों को आधार सेंटर के देख रेख की जिम्मेदारी दी गई है वे भी मोटा कमीशन लेकर मौन साधे हुए जनता की लूट का खुलकर तमाशा देख रहे हैं। जनता से हो रही इस लूट का अड्डा जनपद शिक्षा केंद्र के सामने संचालित आधार केंद्र में




भी देखा जा रहा है जहां पुराने आधार कार्ड अपडेट एवं नए आधार कार्ड बनवाने के नाम पर लोगों से 200 - 200 रूपये वसूले जा रहे हैं तो वहीं तहसील कार्यालय के नीचे भी संचालित दुकानों में बाहर की आई दी लाकर व्यापारियों द्वारा जमकर लूट मचाई जा रही है जानकार सूत्र बताते हैं कि कुछ संचालकों द्वारा विभिन्न मीडिया संस्थानों के कार्ड बनाकर उनकी आड़ में लूट का पूरा खेल खेला जा रहा है तो ग्रामीण इलाकों में भी जनता से लूट का धंधा बदस्तूर जारी है । क्षेत्र के जागरूक नागरिकों द्वारा जनता से हो रही इस लूट पर जिम्मेदार अधिकारियों से अनुरोध किया गया है कि इनकी जांच करवाकर उचित कार्यवाही की जाए ताकि भोली भाली आदिवासी जनता को राहत मिल सके।

# यूनियन बैंक ऑफ इंडिया आदेगांव शाखा के मैनेजर पर गंभीर आरोप

## खाताधारकों का फूटा गुस्सा, कार्रवाई की मांग तेज

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी आदेगांव।**




**विमल चौबे।** आदेगांव स्थित यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा के मैनेजर संदीप चाडार पर खाताधारकों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि मैनेजर अपने पद का दुरुपयोग कर रहे हैं और बैंक में दलाली तथा कमीशनखोरी का खेल चल रहा है। खाताधारकों के अनुसार मैनेजर की कुर्सी उन्हीं ग्राहकों की बदौलत सुरक्षित है, जिनके भरोसे बैंक संचालित होता है, लेकिन उन्हीं ग्राहकों की समस्याओं को अनदेखा किया जा रहा है। आरोप है कि मैनेजर उपभोक्ताओं से बदतमीजी से बात करते हैं और कई बार बिना कारण उनका काम टाल दिया जाता है। लोगों का कहना है कि समस्या लेकर पहुंचने पर उन्हें बार-बार बैंक के चक्कर काटने पड़ते हैं, लेकिन समाधान नहीं मिलता।सूत्रों के मुताबिक, केसीसी (किसान क्रेडिट कार्ड) और अन्य योजनाओं में कमीशनखोरी की शिकायतें भी सामने आ रही हैं। उपभोक्ताओं का आरोप है कि बिना सिफारिश या लेन-देन' के काम आगे नहीं बढ़ता। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

### बैंक परिसर के बाहर भी अव्यवस्था

बैंक के सामने वाली गली में मोटरसाइकिलों का जाम लगा रहता है। ग्राहकों का कहना है कि अव्यवस्थित पार्किंग के कारण आम नागरिकों को परेशानी उठानी पड़ रही है, लेकिन इस दिशा में भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

### जांच और कार्रवाई की मांग

आक्रोशित खाताधारकों ने बैंक के उच्च अधिकारियों से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते स्थिति नहीं सुधरी तो वे उच्च स्तर पर शिकायत करने और आंदोलन का रास्ता अपनाने पर मजबूर होंगे। अब देखना होगा कि बैंक प्रशासन इन आरोपों को कितनी गंभीरता से लेता है और खाताधारकों को राहत देने के लिए क्या कदम उठाए जाते हैं।

# भगवान जिसे अपना लेते हैं उसे कभी नहीं छोडते : ब्रह्मचारी निर्विकल्प स्वरूप

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ केवलारी।**

परासपानी में चल रही श्री मद् भागवत कथा के पंचम दिवस की कथा में पुतना के प्रसंग पर बोलते हुए महाराज श्री कहा कि भगवान जिसको पकड़ लेते फिर उसे नहीं छोड़ते,पुतना ने भगवान को स्तनपान कराया बदले मे भगवान ने माँ का स्थान दिया ।पुतना ने मारने के लिये भगवान को पकड़ा था लेकिन भगवान ने पुतना को ऐसा पकड़ा कि सीधे अपने धाम ले गये।भगवान श्रीकृष्ण या नारायण जिन भक्तों को अपनी शरण में ले लेते हैं (पकड़ लेते हैं), उनका कभी त्याग नहीं करते हैं । भागवत के ज्ञान, भक्ति और वैराग्य के दिव्य संदेश के माध्यम से यह सुनिश्चित होता है कि भगवान अपने शरणागत भक्तों का कल्याण करते हैं, चाहे परिस्थितियां



कैसी भी हों। भगवान श्री कृष्ण के मुखारविंद से निकली अमृत वाणी गीता बनकर द्वापर से लेकर युगो युगो तक मानव का कल्याण ओर धर्म की स्थापना करती रहेगी । परासपानी मे बघेल परिवार के द्वारा आयोजित इस अमर ग्रंथ के ज्ञान प्रवाह प्रकाश पुंज के छटे दिवस 14 फरवरी फाल्गुन द्वादशी को कथा में द्वारका शारदा पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी शसदानंद सरस्वती जी महाराज का आगमन हो रहा है।जो कि सौभाग्य ओर मंगल का अवसर है ,जिसमें पूज्य महाराज श्री सदानंद सरस्वती जी का धर्म संदेश मानव जीवन के लिये निर्मल गंगा जल के समान लहराये मान होंगा। समस्त धर्म प्रेमी बंधु पहुंचकर धर्म लाभ अर्जित करें ।

# अनियंत्रित होकर फिसली बाइक, तीन स्कूली छात्र घायल

**सिवनी** जिले के छपारा थाना क्षेत्र में एक सडक़ हादसे में तीन स्कूली छात्र घायल हो गए। यह घटना भीमगढ़ से गोरखपुर सडक़ मार्ग पर दोपहर के समय हुई, जब तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई।

जानकारी के अनुसार, भीमगढ़ हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र किसी काम से बाहर गए थे और लौटते समय गोरखपुर के समीप दुर्घटना का शिकार हो गए। हादसे में बाइक सवार तीनों छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में शोएब अमान और एक अन्य छात्र की पहचान हुई है। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि यह क्षेत्र वाहनों की आवाजाही वाला है। यदि दुर्घटना के समय अन्य वाहन या राहगीर होते, तो स्थिति और गंभीर हो सकती थी। घटना की सूचना मिलते ही छपारा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने बाइक चालक को अस्पताल में भर्ती कराया है और हादसे के कारणों की जांच कर रही है। प्रारंभिक जांच मेंतेज गति को दुर्घटना का संभावित कारण माना जा रहा है।

बताया जा रहा है कि स्कूल के किसी शिक्षक ने छात्रों को किसी काम से भेजा था, जिसके बाद वे दुर्घटनाग्रस्त हुए। इस मामले की जानकारी मिलने पर आदिवासी जनजाति कार्य विभाग के सहायक आयुक्त लालजी मीणा ने जांच कराने की बात कही है। छपारा थाना प्रभारी खेमेंद्र जेतवार ने बताया कि बाइक हादसे की सूचना मिली थी और फिलहाल जांच जारी है।

पुलिस प्रशासन ने वाहन चालकों से घाटी क्षेत्रों और मोड़ों पर विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। तेज गति और लापरवाही न केवल चालक बल्कि अन्य लोगों के लिए भी खतरा बन सकती है।

# राजपूत कॉलोनी में बच्चों से भरे ऑटो को डंपर ने मारी टक्कर, डंपर घर में घुसा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।**

नगर व जिलेभर में यहां की पुलिस व्यवस्था मानो ठप सी हो गई है। राजपूत कॉलोनी में एक शिक्षिका की स्कूटी जहां चोरी हो गई, वहीं शुक्रवार को यातायात नियमों की अवहेलना करते हुए तेज रफ्तार से जा रहा एक डंपर ने स्कूल के बच्चों को भरकर आ रहा ऑटो को टक्कर मारा। यह तो गनीमत रही की इस सडक़ दुर्घटना में ऑटो में सवार स्कूली बच्चे को चोट नहीं पहुंची। वही अनियंत्रित डंपर चालक सडक़ के किनारे एक सनोडिया के मकान के पास जा घुसा। स्कूल के समय दिन में बड़े वाहनों का प्रवेश निषेध रखा गया है। इन सब के बावजूद भी नियमों को ताक में रखकर दिन में




हैवी वाहन धड़ल्ले से शहर में घूम रहे हैं। जिसके चलते ही आए दिन छोटे-बड़े हादसे हो रहे हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार लखनवाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत शुक्रवार को दोपहर लगभग 3.40 बजे लखनवाड़ा के समीप ग्राम बम्होड़ी में जब एक ऑटो में सवार स्कूल के छोटे बच्चों समेत ऑटो गांव बम्होड़ी के लिए मुड़ा तभी छिंदवाड़ा दिशा से आ रहा एक तेज रफ्तार डंपर चालक ने ऑटो को किनारे से टक्कर मार दी। हालांकि यह टक्कर बहुत मामूली बताई जा रही है।

# डीआरएम दीपक कुमार गुप्ता ने किया रेलवे स्टेशन का अकास्मिक निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ केवलारी।**

गत 12 फरवरी को अचानक दीपक कुमार गुप्ता डिविजनल रेल्वे मेनेजर दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे नागपुर का रेल्वे स्टेशन केवलारी मे ठहराव होने की जानकारी लगने पर सुधीर कुमार पांडेय पत्रकार ने स्टेशन पहूंचकर दीपक कुमार गुप्ता डीआरएम का शाल श्रीफल से स्वागत कर रेल्वे स्टेशन एवं रेल्वे के विकास के संदर्भ में चर्चा किया।

डीआरएम को केवलारी की जानकारी देते हुए बताया कि केवलारी विधानसभा 116 का मुख्यालय में स्थित रेलवे स्टेशन जोकि की लगभग 182 गांवो का मुख्यालय का प्रमुख रेलवे स्टेशन है। यहाँ का प्लेटफॉर्म स्टेंडर्ड साइज का ना होने से एक्सप्रेस ट्रेन के डिब्बे स्टेशन से बहार हो रहे है प्लेटफार्म नीचे होने से सिटीजन नागरिकों को उतरने ओर चढने में असुविधा हो रही है। निर्माणाधीन ओवरब्रिज में सीढ़ी की जगह रेम्प बनाया जाये,रैक पाइंट लाइन से टिकिट बिंडो तक आवागमन के लिये रास्ता बनाया जाये, रैक पॉइंट के डेड एंड को निरस्त कर मेन लाइन पलारी अप लाइन में कनेक्शन दिया जाये, हाईस्कूल खेल मैदान को एंगल पट्टी फैंसिंग से बंद किया जाये। बैतूल सिवनी पेसेंजर को मंडला तक चलाया जाये, रीवा इतवारी का स्टॉपेज किया जाये अन्य महत्वपूर्ण बिषयान्तर्गत चर्चा पर संतोषजनक प्रतिउत्तर देकर रेल मंडल नागपुर के डी आर एम दीपक कुमार गुप्ता अपने अधिकारियों में सीनियर डीसीएम दिलीप सिंह, सीएमएस मेडिकल ऑफिसर, सीनियर डीईएस नार्थ, सीनियर डी एस टी ई, सीनियर डीईई (ओ पी),सीनियर डी एम ई, सीनियर डी एस ओ,ए एस सीआरपीएफ के साथ स्टेशन का भ्रमण किया । इस मौके पर नगर के मनीष जैन, रफीक खान, पवन यादव, सुजान बघेल सहित अन्य नागरिक गण उपस्थित थे।

क्या कहा डीआर एम ने आप लोगों के द्वारा रखी गयी रेल यात्रियों की सुविधाओं की माँगो को शीघ्र ही पूर्ण करने का हमारा भरसक प्रयास किया जा रहा है।जिससे रेल यात्रियों को फायदा मिल सकेगा।

**दीपक कुमार गुप्ता डी आर एम रेल मंडल,नागपुर**

# चर्चित हवाला डकैती कांड में आरोपी आरक्षक योगेंद्र चौरसिया को सिवनी न्यायालय से मिली जमानत

## वरिष्ठ अधिवक्ता वीरेंद्र शर्मा ने की पैरवी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले में पिछले वर्ष के सबसे चर्चित और विवादित हवाला डकैती कांड में प्रथम सत्र न्यायालय सिवनी ने मामले के प्रमुख आरोपियों में से एक योगेंद्र पिंटूचौरसिया की जमानत याचिका स्वीकार करते हुए उन्हें रिहा करने का आदेश दिया है। इस मामले में वरिष्ठ अधिवक्ता वीरेंद्र शर्मा के प्रभावशाली तर्कों ने न्यायालय को जमानत देने पर सहमत किया। ज्ञात हो कि 14 अक्टूबर को सिवनी के लखनवाड़ा थाने में एक सनसनीखेज मामला दर्ज हुआ था, जिसने पूरे पुलिस महकमे और प्रशासनिक गलियारों में हडक़ंप मचा दिया था। एसडीओपी कार्यालय में पदस्थ योगेंद्र चौरसिया सहित कुल 11 लोगों के विरुद्ध एक हवाला कारोबारी से 2 करोड़ 96 लाख रुपये की लूट करने के गंभीर आरोप लगे थे।

पुलिस ने इस मामले में भारतीय न्याय संहिता की निम्नलिखित गंभीर धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की थी धारा 310(2)डकैती के लिए दंड। धारा 126(2)किसी व्यक्ति को गलत तरीके से रोकना। धारा 140(3)अपहरण या बंधक बनाना। धारा 61(2)-आपराधिक षडयंत्र रचना। आरोपी योगेंद्र चौरसिया इस मामले के दर्ज होने के बाद से ही जेल में निरुद्ध थे। उनकी ओर से पैरवी करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता वीरेंद्र शर्मा ने प्रथम सत्र न्यायालय सिवनी के समक्ष जमानत आवेदन प्रस्तुत किया। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता वीरेंद्र शर्मा ने दलील दी कि मामले की जांच और अब तक के तथ्यों में कई ऐसी कड़ियां हैं जो सीधे तौर पर आरोपी की संलिप्तता को उस स्तर पर सिद्ध नहीं करतीं, जैसा कि अभियोजन पक्ष का दावा है। उन्होंने कानून के विभिन्न पहलुओं और आरोपी की भूमिका की व्याख्या करते हुए तार्किक बहस की। न्यायालय ने बचाव पक्ष के तर्कों की गंभीरता और विधिक पहलुओं को ध्यान में रखते हुए योगेंद्र चौरसिया को जमानत पर मुक्त करने का आदेश जारी किया।

यह मामला इसलिए भी चर्चा में रहा क्योंकि इसमें पुलिस विभाग के ही अधिकारियों और कर्मचारियों की भूमिका संदिग्ध पाई गई थी। आरोप था कि एसडीओपी सहित 15 लोगों ने मिलकर एक बड़ी योजना के तहत हवाला कारोबारी को निशाना बनाया और करोड़ों की राशि हड़प ली। इस घटना के बाद पुलिस प्रशासन की छवि पर भी सवाल उठे थे और मुख्यालय स्तर पर इस मामले की निगरानी की जा रही थी।

## महाशिवरात्रि पर्व का आयोजन

# पुलिस प्रशासन ने किया मठ मंदिर एवं शिव बारात मार्ग का निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** आगामी महाशिवरात्रि पर्व में शहर की कानून व्यवस्था बनी रहे जिसके मद्देनजर कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले एवं पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियों के द्वारा मठ मंदिर प्रांगण एवं पार्किंग का निरीक्षण किया गया बाद शिव बारात का संपूर्ण मार्ग का निरीक्षण किया गया। उक्त चर्चा के दौरान अनुविभागीय अधिकारी सिवनी श्रीमती पूर्वी तिवारी, तहसीलदार नितिन चौधरी, नायब तहसीलदार सुश्री राधिका पाठक, मुख्य नगरपालिका



अधिकारी विशाल मर्सकोले एवं स्टाफ, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सतीश तिवारी यातायात थाना प्रभारी विजय बघेल, डीएसबी प्रभारी उप निरीक्षण नीरज दुबे, भारतीय जनता पार्टी सिवनी के पूर्व जिला अध्यक्ष आलोक दुबे एवं आयोजक मठ मंदिर समिति के सदस्य गण सदन कश्यप एवं पंकज शर्मा उपस्थित रहे।

### कमल नगर स्थित शिव मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व भव्य रूप से मनाने की तैयारियाँ प्रारंभ

बरघाट- नगर के कॉलेज रोड, कमल नगर में स्थित भगवान शिव मंदिर में आगामी 15 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व को भव्य एवं श्रद्धापूर्ण वातावरण में मनाने की तैयारियाँ प्रारंभ कर दी गई हैं। हाल ही में मंदिर के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कार्य पूर्ण होने के पश्चात मंदिर परिसर को विशेष आकर्षक साज-सज्जा से सजाया जा रहा है। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर भगवान शिव का विधि-विधान से अभिषेक एवं पूजन किया जाएगा। रात की 7:00 बजे भगवान शिव की महा आरती संपन्न होगी,इसके पश्चात भंडारे का आयोजन रखा गया है। भंडारे के उपरांत भजन-कीर्तन का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालु भक्तगण भक्ति रस में सराबोर होंगे। मंदिर समिति द्वारा समस्त श्रद्धालुजनो से विनम्र निवेदन किया गया है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर भगवान शिव के दर्शन करें, भंडारा प्रसाद ग्रहण करें एवं पुण्य लाभ अर्जित करें।

# ग्राम गोरखपुर में मनाया गया जल अर्पण दिवस

**सिवनी।** विकासखंड छपारा की ग्राम पंचायत गोरखपुर अंतर्गत ग्राम गोरखपुर (कड़वी) में विगत दिवस जल अर्पण दिवस कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। यह आयोजन जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार जल जीवन मिशन के तहत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खंड सिवनी द्वारा किया गया। कार्यक्रम लोक स्वास्थ्य यंत्री नरेश कुवाल के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती अंतकुमारी उइके ने कहा कि अब गांव की महिलाओं को नल के माध्यम से घर-घर शुद्ध पेयजल मिल रहा है और उन्हें दूर से पानी भरकर लाने की परेशानी नहीं उठानी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि यह पूरे गांव के लिए गर्व और खुशी का विषय है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के उस संकल्प का उल्लेख किया, जिसके तहत जल जीवन मिशन द्वारा हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया था।

कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूली बच्चों द्वारा जल जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें महिलाओं, बालिकाओं, स्व-सहायता समूह की सदस्याओं एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सरपंच श्रीमती उइके ने ग्रामीण महिलाओं के साथ सिर पर कलश रखकर रैली में सहभागिता की। इस अवसर पर जल संरक्षण का संकल्प लिया गया तथा बोरवेल एवं नलों की पूजा कर जल के महत्व का संदेश दिया गया। सहायक यंत्री श्रीमती ज्ञानेश्वरी उइके ने जल जीवन मिशन के उद्देश्यों एवं जिम्मेदारियों की जानकारी देते हुए शुद्ध पेयजल के महत्व और दूषित जल से होने वाली बीमारियों के बारे में विस्तार से बताया। विकासखंड समन्वयक श्रीमती निधि सिंगोतिया ने एफटीके किट के माध्यम से जल परीक्षण की प्रक्रिया समझाई तथा समय-समय पर ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति द्वारा पानी की जांच किए जाने की आवश्यकता बताई। इस अवसर पर पंचायत को एफटीके किट प्रदान की गई। उपयंत्री दीपक धुर्वे ने योजना के सुचारू संचालन, रखरखाव एवं प्रबंधन पर जानकारी देते हुए बताया कि योजना की मेंटेनेंस एवं सुधार की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत की होगी। उन्होंने प्रत्येक हितग्राही से समय पर जलकर राशि जमा करने की अपील की, जिससे सभी को नियमित रूप से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा सके।

**खबर संक्षेप**

## पूर्व पार्षद रिखब चंद पींचा पंच तत्व में हुए विलिन

**कटंगी।** पत्रकार सौरभ पींचा और लोक अभियोजन अधिकारी देवर्षि पींचा के पिता रिखब चंद पींचा (पूर्व पार्षद वरिष्ठ कांग्रेसी) का 12 फरवरी को 'सिद्धत्व' (देवलोकगमन) हो गया है। वे एक सरल और धर्मनिष्ठ व्यक्तित्व के धनी थे। जैन समाज के लिए यह एक अपूरणीय क्षति है। शाम 05 बजे शोकाकुल परिजनों और स्वजातीयजनों की उपस्थिति में सिवनी रोड़ स्थित मोक्षधाम में पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार किया गया। पुण्यात्मा के निधन पर स्वजातीय जनों ने गहरी संवेदनाएं व्यक्त की और सभी ने भगवान महावीर उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान दें ऐसी कामना की। पींचा परिवार के शुभचिंतकों ने परिवार को इस कठिन समय में धैर्य रखने का संबल मिले। ऐसी ईश्वर से प्रार्थना की। रिखब चंद पींचा नगर परिषद कटंगी में लंबे समय तक पार्षद के रूप में चुनकर जनसेवा करते रहे। कटंगी शहर के छतेरा का पीपल टोला में जरूरतमंद परिवारों को स्थापित करने में उनका अतुलनीय योगदान रहा। जिस कारण आज भी यहां निवास करने वाले लोगों के दिलों में रिखब चंद पींचा एक अविस्मरणीय नाम है।

### पाँच दिवसीय कृषि मेला सह प्रदर्शनी का हुआ समापन

# कृषि नवाचार और जागरूकता का सशक्त मंच बना कृषि मेला





**बालाघाट। कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक सराफ के मार्गदर्शन में किसान कल्याण तथा कृषि विभाग बालाघाट द्वारा कमला नेहरू सामुदायिक भवन, सर्किट हाउस रोड बालाघाट में आयोजित पाँच दिवसीय कृषि मेला सह प्रदर्शनी का सफलतापूर्वक समापन 12 फरवरी को किया गया। इस मेले में जिले के सभी विकासखंडों से प्रतिदिन बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लेकर आधुनिक कृषि पद्धतियों और शासकीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।**

इस कृषि मेले का प्रमुख उद्देश्य किसानों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से अवगत कराना, खेती को लाभ का व्यवसाय बनाने हेतु प्रेरित करना तथा बदलते कृषि परिदृश्य में नवीन तकनीकों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना रहा। मेले के दौरान कृषि वैज्ञानिकों, विभागीय अधिकारियों, प्रगतिशील किसानों, युवा उद्यमियों तथा कृषि महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों से आए विशेषज्ञों द्वारा किसानों को मार्गदर्शन प्रदान किया गया। मेले के प्रथम दिन मिलेट्स रोड शो का आयोजन किया गया, जिसमें श्रीअन्न (कोदो, कुटकी, रागी आदि) फसलों के उत्पादन, पोषण महत्व और उपयोगिता का प्रचार-प्रसार किया गया। जिले के कृषकों द्वारा उत्पादित मिलेट्स फसलों एवं उनसे बने व्यंजनों की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसे जनसामान्य ने सराहा। द्वितीय दिन "एक जिला–एक उत्पाद" अंतर्गत बालाघाट के प्रसिद्ध चिन्नौर धान को केंद्र में रखते हुए मेला सह प्रदर्शनी आयोजित की गई, जिसमें इसके ऐतिहासिक महत्व, गुणवत्ता, उत्पादन, प्रसंस्करण और विपणन पर विस्तार से चर्चा की गई। तृतीय दिन मिलेट्स मेला सह प्रदर्शनी आयोजित की गई, जिसमें कृषि वैज्ञानिकों द्वारा मिलेट्स की उन्नत खेती, बीज बैंक निर्माण, मूल्य संवर्धन एवं बाजार संभावनाओं पर किसानों को जानकारी दी गई। मिलेट्स से बने विभिन्न उत्पादों के स्टॉल मेले का प्रमुख आकर्षण रहे। चतुर्थ दिन राष्ट्रीय तिलहन मिशन एवं ODOP कार्यशाला के अंतर्गत तिलहन फसलों के उत्पादन, आधुनिक तकनीकों, प्रसंस्करण एवं स्थानीय स्तर पर तेल उद्योग को बढ़ावा देने पर विशेष चर्चा की गई। युवा उद्यमियों द्वारा कच्ची एवं आधुनिक तेल घानी इकाइयों के मॉडल प्रस्तुत किए गए।

पंचम एवं अंतिम दिन आत्मा अंतर्गत कृषि विज्ञान मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें प्राकृतिक खेती, नरवाई प्रबंधन, जैविक खाद, प्राकृतिक दवाइयों तथा कृषि यंत्रों पर अनुदान संबंधी जानकारी दी गई। कृषि उद्यमियों, विशेषकर महिला उद्यमियों द्वारा प्राकृतिक खेती से प्राप्त सफलता की कहानियाँ साझा की गईं, जिससे किसानों को प्रेरणा मिली।मेले के दौरान जीवंत प्रदर्शनियां, कार्यशालाएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रश्नोत्तरी एवं मिलेट्स से बने व्यंजनों के माध्यम से किसानों एवं आम नागरिकों की सहभागिता बनी रही। यह पाँच दिवसीय कृषि मेला जिले के किसानों के लिए ज्ञानवर्धन, नवाचार और आयवृद्धि की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



# सीसीटीवी कैमरे व बड़ी पानी की टंकी की शुरूआत जन हितैषी कार्यों की करा रही पहचान-जायसवाल



## पानी की टंकी, सीसीटीवी कैमरे, चौपाटी व अतिथि गृह का हुआ लोकार्पण

**वारासिवनी।** नगरपालिका परिषद वारासिवनी द्वारा प्रदेश सरकार के सहयोग से नगर में करवाए गए करोड़ो रुपयों के विकास कार्यो का लोकार्पण गुरुवार को पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल द्वारा किया गया। जिसके तहत नगर के गोलीबारी चौक के पास लगभग 3.46 करोड़ रुपये की लागत से बनाई गई पानी की टंकी, नगर के विभिन्न चौकों पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरों, एसडीएम कार्यालय के बाजू में निर्मित चौपाटी और इंडोर स्टेडियम के बाजू में निर्मित भवन का लोकार्पण विधिवत पूजा अर्चना कर फीता काटकर किया गया।

विदित हो कि नगरपालिका परिषद द्वारा लगभग 28 लाख रुपये की लागत से नगर के विभिन्न चौकों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाये गए है, जिनका कंट्रोल रुम स्थानीय पुलिस थाना भवन में बनाया गया। वहीं एसडीएम कार्यालय के बाजू में 15 लाख रुपए से चौपाटी का निर्माण एवं 25 लाख रुपये की लागत से स्वामी विवेकानंद क्लब अतिथि गृह का निर्माण किया गया है।

### सीसीटीवी कैमरे लगने से कानून व्यवस्था बनाने में मिलेगा सहयोग-अभिषेक चौधरी एसडीओपी

स्थानीय पुलिस थाने में सीसीटीवी कैमरे के कंट्रोल रुम का लोकार्पण करने के बाद अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अभिषेक चौधरी ने नगरपालिका का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि नगर के 12 चौराहों में 29 कैमरे की यह सौगात बेहद उपयोगी है। इस तरह की सुविधा के लिये हम भी प्रयासरत थे। नगरपालिका द्वारा लगवाए गए सीसीटीवी कैमरों से पुलिस व्यवस्था और कानून व्यवस्था अवश्य सुदृढ़ होगी और अपराधों के रोकथाम में मदद मिलेगी। इस मौके पर अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अभिषेक चौधरी, थाना प्रभारी पवन यादव, कंट्रोल रूम अधिकारी देवेन्द्र चौधरी सहित थाने के अन्य कर्मी उपस्थित थे।

### निश्शुल्क स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

इस मौके पर नगरपालिका परिषद द्वारा इंडोर स्टेडियम में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमें मध्यभारत के प्रसिद्ध चिकित्सकगणों डॉ. प्रिंस वर्मा एमबीबीएस एमएस, डॉ. उमंग बघेल, डॉ. निकलेस वासनिक, डॉ. शुभम वैद्य, डॉ. रोहित मर्सकोले, डॉ. ज्योति बोरकर, डॉ. सेफाली शिंदे, डॉ. अभिषेक आडे ने शिविर में आए करीब एक हजार मरीजों का निःशुल्क उपचार कर उन्हें विभिन्न परामर्श दिया। इस दौरान पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल, नगरपालिका अध्यक्ष सरिता मनोज दांदरे, पार्षदगण व अन्य जनप्रतिनिधिगणों ने शिविर का निरीक्षण कर उपस्थित डॉक्टरों से चर्चा कर शिविर में आए मरीजों का बेहतरीन उपचार और सलाह देने की बात कही।

### पानी टंकी निर्माण से 4 वार्डो की पेयजल दिक्कते होगी दूर

विभिन्न निर्माण कार्यो के लोकार्पण समारोह के दौरान गोलीबार चौक में सभा का आयोजन किया गया। जिसे संबोधित करते हुये पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने कहा कि नगर में सालो पहले भी हमने ही 24 करोड़ की राशि केन्द्र सरकार से स्वीकृत कराकर सबसे बड़ी पानी की टंकी बनवाई थी। जिसकी मदद से शुद्ध पेयजल पूरे नगर को आज भी मिल रहा है। किंतु नगर के तीन वार्डो में तकनीकी दिक्कतों की वजह से पेयजल आपूर्ति में शिकायतें आ रही थी। जिसके समाधान के लिये हमने प्रदेश सरकार से 3.46 करोड रूपये स्वीकृत कराकर एक और विशाल टंकी का निर्माण कराकर आज से तीनों वार्डो की जनता को समर्पित कर पेयजल की आपूर्ति शुरू कर रहे है। अब इस नई पानी की टंकी से पानी की आपूर्ति की जा रही है। इसी तरह हमने नगर के सभी चौराहों में अपराधों के रोकथाम के लिये सीसीटीवी कैमरे लगाकर आज से उनकी शुरूआत भी कर दी है। इस सुविधा का कंट्रोल रूम हमने पुलिस थाने में रखा है। जिससे किसी भी प्रकार की घटना दुर्घटना की जानकारी पुलिस को पहले लग जाये और वह इन कैमरों की मदद से सुगम परिणाम हासिल कर सके।

### प्रमुख रूप से यह रहे उपस्थित

इन लोकार्पण कार्यक्रमों में भाजपा जिला उपाध्यक्ष व जनपद पंचायत वारासिवनी के भूतपूर्व अध्यक्ष किशोर अमूले, नपाध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दांदरे, उपाध्यक्ष प्रीति संतोष शिव, पार्षदगण योगेन्द्र मोनू लिमजे, संदीप मिश्रा, धर्मेश जोशी, मदन धार्मिक, पवन धुर्वे, मधु सुनील जायसवाल, दीपा प्रवीण रूसिया, प्रवीण डोंगरे, रितु आलोक खरे, ललिता लोकेश ठाकरे, आशुतोष कोहाड़, नगरपालिका परिषद भूतपूर्व अध्यक्ष स्मिता जायसवाल, पूर्व पार्षद विक्की एड़े, पूर्व पार्षद सुनील जायसवाल, पूर्व पार्षद मनोज दांदरे, सीएमओ सूर्यप्रकाश उके, ठेकेदारगण राजेश बॉबी परिहार, सुनील बंटी पारधी, अनीश मिश्रा सहित नपा के अधिकारीध्कर्मचारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# सर्वर फेल होने से ग्रामीणों को नहीं मिल रहा राशन




## 4 दिनों से सोसायटी के चक्कर लगा कर परेशान है ग्रामीणजन

**वारासिवनी।** जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत ग्राम बुदबुदा में संचालित शासकीय सेवा सहकारी समिति से पिछले 4 दिनों से ग्रामीणों को राशन नहीं मिल पा रहा है। बुदबुदा सहकारी समिति से ग्राम पंचायत बुदबुदा व नरोड़ी के ग्रामीण उपभोक्ताओं को राशन का प्रदाय किया जाता है। पिछले 3-4 दिनों से इन ग्रामों के ग्रामीणजन सुबह से राशन लेने के लिए बुदबुदा समिति में आ रहे हैं। जहॉ उन्हें राशन प्रदाय करने वाले संचालिका द्वारा बताया जाता है कि सर्वर फेल है, इसीलिए सर्वर आने पर राशन प्रदाय किया जायेगा। जिस पर ग्रामीणजन सर्वर आने की राह देखते हुए सुबह से दोपहर व शाम तक बैठे रहते है। लेकिन सर्वर नहीं आता है। जिसके कारण उन्हें राशन नहीं मिल पा रहा हैं और वह पिछले 3-4 दिनों से निराश होकर वापस घर लौट रहे हैं।

### ऑनलाईन सिस्टम होने से सर्वर फेल होने पर नहीं दे पाते राशन-मूर्ति नागेश्वर

इस संबंध में राशन प्रदाय करने वाली संचालिका मूर्ति नागेश्वर ने बताया कि शासन के आदेश अनुसार ऑनलाइन सिस्टम से ही राशन का प्रदाय किया जाता है। यह सिस्टम सीधे भोपाल से संचालित होता हैं। पिछले 3 दिनों से सिस्टम का सर्वर बैठा हुआ है। इसीलिए उपभोक्ताओ को राशन प्रदाय नहीं हो पा रहा है। सर्वर प्रारंभ होने पर ही राशन प्रदाय किया जाएगा। इस संबंध में उनके द्वारा अपने उच्चाधिकारियों को भी सूचित किया गया हैए लेकिन भोपाल से सर्वर बंद होने के कारण वह भी कुछ नहीं कर पा रहे हैं।

### तीन दिन से राशन लेने आ रहे, नहीं मिल रहा-सुखचंद ग्रामीण

बुदबुदा समिति में राशन लेने के लिए आई ग्राम नदीटोला निवासी हरबन मेश्राम ने बताया कि व दो दिन से राशन के लिए आ रही है, लेकिन सर्वर फेल होने की बात बताई जा रही है। वहीं ग्राम धानीटोला के ग्रामीण उपभोक्ता सुखचंद ने बताया कि वह तीन दिनों से राशन लेने के लिए आ रहे है, लेकिन सर्वर बंद होने के कारण उन्हें राशन नहीं मिल रहा है। फिलहाल तो सर्वर की खराबी के कारण हर महीने उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# महकेपार समिति के 4 कर्मचारियों पर एफआईआर दर्ज

**कटंगी।** बालाघाट जिले के तिरोड़ी थाना क्षेत्र की महकेपार समिति के 04 कर्मचारियों के खिलाफ तिरोड़ी थाने में विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया है। समर्थन मूल्य पर खरीदी गई धान के परिवहन के दौरान धान की शार्टेज पाए जाने पर कलेक्टर मृणाल मीणा के निर्देश पर प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति कटेदरा के प्रबंधक गुलचंद पिता बालचंद बिसेन, महकेपार समिति के प्रबंधक नेतलाल पिता नीलचंद पटले, महकेपार खरीदी केंद्र के प्रभारी रमेश पिता चिंटू नगपुरे और कोसुम्बा निवासी कम्प्यूटर ऑपरेटर गालेंद्र पिता श्यामलाल मडावे के विरूद्ध कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी तुषार सिंह ने 12 फरवरी को तिरोड़ी थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। किसानों से समर्थन मूल्य पर खरीदी गई धान की अनियमितता के मामले इन सभी आरोपियों के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 316 (5), 3 (5) की कार्रवाई की गई है।

महकेपार के इस केंद्र पर 06 लाख 10 हजार 894 रुपए की 257 क्विंटल 87 किलोग्राम धान की शार्टेज पाई गई है। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में तिरोड़ी तहसील के अंतर्गत ग्राम महकेपार में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति कटेदरा द्वारा धान खरीदी केंद्र बनाया गया था। निर्धारित अवधि में इस केंद्र पर 38 हजार 156 क्विंटल 80 किलोग्राम धान पंजीकृत किसानों से खरीदा गया है। इस धान के परिवहन के दौरान 37 लाख 898 क्विंटल 93 किलोग्राम धान ही पाया गया और इतनी ही धान की किसानों को भुगतान के लिए स्वीकृति प्रदान की गई। इस प्रकार महकेपार केंद्र में 257 क्विंटल 87 किग्रा धान की शार्टेज पाई गई है। कलेक्टर मृणाल मीना को इस संबंध में शिकायत प्राप्त होने पर उन्होंने इसे गंभीरता से लिया और नायब तहसीलदार तिरोडी श्रीमती गीता राहंगडाले, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी आकाश श्रीवास्तव, पहल सिंह वलाडी और नागरिक आपूर्ति निगम के जिला प्रबंधक की टीम गठित कर मौके पर जाकर जांच करने के निर्देश दिये। टीम द्वारा महकेपार केंद्र में मौके पर जाकर जांच की गई। जांच के दौरान केंद्र में 174 बोरियों में 56.97 क्विंटल धान पायी गई।

इस धान की गुणवत्ता जांच में अमानक स्तर की पायी गई। प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति कटेदरा के प्रबंधक गुलचंद बिसेन, खरीदी केंद्र प्रभारी रमेश नगपुरे, महकेपार समिति के प्रबंधक नेतलाल पटले एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर गोलेंद्र मडावे द्वारा बताया गया कि केंद्र में 200 बोरियों में 80 क्विंटल धान परिवहन के लिए और रखा गया है, लेकिन मौके पर यह धान नही पाया गया। इससे प्रतीत हुआ कि शार्टेज हुए धान के स्थान पर अमानक स्तर की धान समायोजित किये जाने की तैयारी की जा रही है।जिला आपूर्ति अधिकारी आर.के. ठाकुर ने बताया कि किसानों से समर्थन मूल्य पर खरीदी गई धान का शार्टेज पाए जाने पर प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति कटेदरा के प्रबंधक गुलचंद पिता बालचंद बिसेन, महकेपार समिति के प्रबंधक नेतलाल पिता नीलचंद पटले, महकेपार खरीदी केंद्र के प्रभारी रमेश पिता चिंटू नगपुरे एवं कोसुम्बा निवासी कम्प्यूटर ऑपरेटर गालेंद्र पिता श्यामलाल मडावे के विरूद्ध कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी तुषार सिंह द्वारा 12 फरवरी को तिरोड़ी थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। किसानों से समर्थन मूल्य पर खरीदी गई धान की अनियमितता के इन आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 316(5) एवं 3(5) के अंतर्गत एफआईआर दर्ज की गई है।

### इनका कहना है-

4 कर्मचारियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया है आरोपियों की गिरफ्तारी कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किए जाने की प्रक्रिया जारी है।

**तरुण चौहान**
**विवेचना अधिकारी**

## पुरानी रंजिश के चलते मारपीट के बाद प्रौढ़ की मौत

**कटंगी।** बालाघाट जिले के तिरोड़ी थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते हुई मारपीट के बाद 58 वर्षीय प्रौढ़ की मौत होने का मामला सामने आया है। यह पूरी घटना ग्राम जोगा टोला की है। जहां बुधवार की रात्रि 9 बजे आमने-सामने किन्तु अलग-अलग गांव में रहने वाले पड़ोसियों के बीच पुरानी रंजिश के चलते गाली गलौज हुई और मामले ने इस कदर तूल पकड़ लिया कि एक पक्ष के पिता-पुत्र ने दूसरे पक्ष में शामिल पिता-पुत्र के साथ जमकर मारपीट कर दी जिससे दूसरे पक्ष में घायल प्रौढ़ की रात्रि करीब 3 बजे के बाद मौत हो गई। प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम जोगा टोला निवासी रामकिशन पिता जीवनलाल ठाकरे उम्र 58 वर्ष की मारपीट के बाद मौत हुई है। मृतक के पुत्र हर्षद ठाकरे उम्र 22 वर्ष में बताया कि बुधवार की रात्रि करीब 9 बजे घर के सामने के पड़ोस में रहने वाले ग्राम चीचलडोह (रैयत) तहसील कुरई निवासी धनेश उईके उम्र 56 वर्ष और गणेश उईके उम्र 38 वर्ष ने दोनों पिता पुत्र के साथ मारपीट की। हर्षद बताते हैं कि वर्ष 2019 में उनकी मां का मानसिक संतुलन बिगड़ गया। जिसका उपचार परिवार के द्वारा करवाया जा रहा था वहीं कुछ लोग इसे बाहरी यानी जादू टोना किए जाने की बात भी कह रहे थे इसी बात को लेकर उनके पिता अक्सर अपने घर पर गाली गलौज करते थे। पिता अपने घर पर गाली देते तो सामने पड़ोस में रहने वाले धनेश उईके विवाद करना शुरू कर देते। इसी बात को लेकर दोनों परिवारों के बीच पूर्व में भी कई बार विवाद हुआ था।

बुधवार की रात भी ऐसा ही हुआ पिता घर पर गाली गलौज कर रहे थे जिसे सुनकर सामने रहने वाला धनेश उईके अपने बेटे गणेश के साथ आया और पिता से मारपीट करने लगा। हर्षद उस वक्त शौचालय में था पिता के बाद विवाद होने का शोर सुनकर वह शौचालय से बाहर आया तो धनेश और उनका पुत्र गणेश दोनों उसके पिता से मारपीट कर रहे थे। जिसका हर्षद ने बीच बचाव किया तो उसके साथ भी मारपीट की गई। हर्षद ने यह भी बताया कि इस पूरी घटना के बाद उन्होंने अपने पिता को घर ला लिया और रात्रि में उनकी मौत हो गई। पिता की मौत के बाद सुबह 6 बजे डायल 112 को सूचना दी गई इसके बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची है। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है पुलिस ने इस पूरे मामले में धनेश और उनके पुत्र गणेश को हिरासत में लेकर अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।